• सेब सीज़न...

## यूनिवर्सल कार्टन में पहुंचा सेब




**शिमला :** हिमाचल प्रदेश की राजधानी की भट्ठाकुफर फल मंडी में यूनिवर्सल कार्टन में सेब पहुंचा। फल मंडी में पीआरजे ट्रेडर्स 53 नंबर फार्म पर कोटगढ़ के बड़गांव क्षेत्र से समर क्वीन सेब की चार पेटियां पहुंचीं। एक पेटी 600 रुपये में बिकी। अधिकतर बागवानों को यूनिवर्सल कार्टन नहीं मिल रहा है। ऐसे में बागवान अपनी फसल मंडी में बेचने के लिए नहीं ला पा रहे हैं। आढ़तियों का कहना है कि बागवान समय से पहले ही फसल का तुड़ान कर रहे हैं। ऐसे में मंडी में सेब की गुणवत्ता सही नहीं है। भट्ठाकुफर फल मंडी में करसोग से नाशपती की फसल बेचने आए रतन वर्मा ने बताया कि अभी उनके पास टेलिस्कोपिक कार्टन की करीब 700 से 800 पेटियां बची हुई हैं, जिन्हें उपयोग नहीं कर सकता। यूनिवर्सल कार्टन नहीं मिल रहा है। अभी सरकार ने नाशपती को भी एक दो दिन तक ही पुराने कार्टन में लाने की अनुमति दी है। पीआरजे ट्रेडर्स 53 नंबर फार्म के संचालक अंशुमन ने बताया कि सीजन शुरू होने के बाद पहली बार यूनिवर्सल कार्टन में सेब की फसल पहुंची है। एचपीएमसी के अनुसार 10 जुलाई से पहले सभी सेब विक्रय केंद्रों पर यूनिवर्सल कार्टन पहुंच जाएगा।

## अप्रेंटिशिप मेला 8 जुलाई को

**धर्मशाला :** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला में आठ जुलाई को जिला स्तरीय राष्ट्रीय प्रशिक्षुता अप्रेंटिशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला के प्रिंसिपल राजेश कुमार पुरी ने देते हुए बताया कि इस मेले में सभी आईटीआई पास आउट प्रशिक्षु भाग ले सकते हैं जिस के लिए दसवीं, जमा दो तथा आईटीआई का प्रमाण पत्र तथा मोबाइल फोन नंबर के साथ लिंक किया गया आधार कार्ड साथ लेकर आएं। योग्य सभी प्रशिक्षु अप्रेंटिशिप पोर्टल पर पंजीकरण करवा सकते हैं ताकि जिस भी प्रशिक्षु के अप्रेंटिशिप के लिए चयनित होने पर 7000 हजार रूपये प्रतिमाह दिया जाएगा तथा इस संदर्भ में जिन प्रस्थापनाओं में कर्मचारियों की संख्या छह या इससे अधिक है वह भी अपने जरूरी दस्तावेजों जिसमें पैन नंबर, पंजीकरण संख्या, खाता नंबर, आईएफसी कोड, जीएसटी, टैन, टिन नंबर की कॉपी के साथ आईटीआई धर्मशाला में आकर अप्रेंटिशिप पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

• संपादकीय...

## विश्व जनसंख्या दिवस




वर्तमान समय में विश्व की बढ़ती जनसंख्या का नकारात्मक प्रभाव दुनियाभर के पर्यावरण पर तेजी से पड़ रहा है। इसी कारण से पर्यावरण में हो रहे तेजी से बदलाव रोकने और लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना इसका प्रमुख महत्व है। इसके साथ ही दुनियाभर को इस बाद के लिए प्रेरित करना है की एक दिन विश्व स्थाई जनसंख्या को प्राप्त कर सके और हमारी पृथ्वी और पर्यावरण को कोई भी नुकसान न हो। वर्ल्ड पॉपुलेशन डे यानी कि विश्व जनसंख्या दिवस दुनियाभर में प्रतिवर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है। लोगों को पूरे विश्व में बढ़ती जनसंख्या को लेकर जागरूक करने करने के लिए इस दिन को प्रतिवर्ष सेलिब्रेट किया जाता है। इसके साथ ही लोगों में जनसंख्या मुद्दों के समाधान और आगे इससे कैसे लड़ा जाये इसके महत्व पर लोगों को जानकारी प्रदान करते हैं। यूनाइटेड नेशंस ऑर्गेनाइजेशन की ओर से सन 11 जुलाई 1989 में वर्ल्ड पॉपुलेशन डे घोषित किया गया था, उसके बाद से प्रतिवर्ष यह दिन इसी दिन सेलिब्रेट किया जाता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि दुनिया की बढ़ती आबादी मानव अस्तित्व के लिए खतरा बनती जा रही है। बढ़ती आबादी की वजह से दुनिया के प्राकृतिक संसाधन हर दिन बेहद कम होते जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी की प्रगति ने माँ और बच्चे की मृत्यु दर को कम किया है और जीवन काल को बढ़ाया है। हालाँकि, यह स्पष्ट है कि बढ़ती जनसंख्या जलवायु परिवर्तन के लिए एक चुनौती है और बहुत से लोगों द्वारा सामना की जाने वाली हिंसा अभी भी उनके लिंग, जातीयता, वर्ग, धर्म, यौन अभिविन्यास, विकलांगता और मूल के आधार पर होती है। इसलिए, स्वस्थ समाज के लिए खतरे को रोकने और आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर और टिकाऊ भविष्य प्रदान करने के लिए, जागरूकता पैदा करना और लोगों को अधिक जनसंख्या से जुड़े जोखिम के बारे में शिक्षित करना आवश्यक है।

■ अनल पत्रवाल
संपादक, हिमाचल अभी अभी



जयराम ठाकुर ने कहा कि चारों लोक सभा सीटों की तरह इस बार के उपचुनाव भी भाजपा जीतेगी। बीजेपी के प्रत्याशियों के जीतते ही प्रदेश की राजनीति में भूचाल आना तय है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार ज़्यादा दिन की मेहमान नहीं है। प्रदेश में सरकार की तानाशाही का दौर बीतने वाला है।

**अब प्रदेश के लोग कांग्रेस सरकार की जोर-जबरदस्ती के खिलाफ अवाज उठा रहे हैं, एकजुट हो रहे हैं। इस उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशियों को मिल रहा समर्थन इस बात की गवाही दे रहा है कि कांग्रेस सरकार को प्रदेश के लोगों ने पूरी तरह से नकार दिया है...**

# सीएम सुक्खू ने झूठ बोलने का रिकॉर्ड बनाया : जयराम

● अशोक राणा/हमीरपुर


विधानसभा उपचुनाव में हमीरपुर के बीजेपी प्रत्याशी आशीष शर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार ने डेढ़ सालों में झूठ बोलने का रिकॉर्ड बनाया है। सरकार सिर्फ झूठ पर झूठ बोले जा रही है। डेढ़ साल से सरकार सिर्फ आश्वासन दिए जा रही है। इस सरकार के पास बताने के लिए एक काम नहीं हैं। जिसके दम पर वोट मांग सके। नालागढ़ में जाएंगे तो कहेंगे देहरा में मिल गई सम्मान निधि, देहरा जाएंगे तो कहेंगे हमीरपुर में मिल गई सम्मान निधि। आज तो देहरा के लोगों ने मंच पर मुख्यमंत्री के सामने जोरदार आवाज में कहा कि उन्हें कोई सम्मान निधि नहीं मिली है। किस तरह के झूठ से सरकार कितने दिन बची रहेगी। अब बहुत हो गया प्रदेश के लोग सरकार के झूठ का काम तमाम करने के लिए बैठे हैं। इस उपचुनाव में जनता ही सुक्खू सरकार का फॉर्म भरने वाली है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि चारों लोक सभा सीटों की तरह इस बार के उपचुनाव भी भाजपा जीतेगी। बीजेपी के प्रत्याशियों के जीतते ही प्रदेश की राजनीति में भूचाल आना तय है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार ज़्यादा दिन की मेहमान नहीं है। प्रदेश में सरकार की तानाशाही का दौर बीतने वाला है। अब प्रदेश के लोग कांग्रेस सरकार की जोर-जबरदस्ती के खिलाफ अवाज उठा रहे हैं, एकजुट हो रहे हैं। इस उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशियों को मिल रहा समर्थन इस बात की गवाही दे रहा है कि कांग्रेस सरकार को प्रदेश के लोगों ने पूरी तरह से नकार दिया है। लोकसभा चुनाव में मंत्री तो मंत्री सीएम भी अपना हलका नहीं बचा पाए। इस बार भी यही हाल होगा, सभा भाजपा प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर हैं और कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। सरकार के संरक्षण में माफिया पैर पसार है। आये दिन घोटाले सामने आ रहे हैं। घोटालों की फ़ेहरिस्त बढ़ने वाली है। प्रदेश का सारा तंत्र भाजपा के नेताओं और प्रत्याशियों के खिलाफ लगा दिया गया है। सरकार व्यवस्था सुधारने के बजाय भाजपा के नेताओं के घर गिराने, डंगे गिराने, रास्ता बंद करने, बिजनेस बंद करने, गाडियां बंद करने, झूठे मुकदमों में फसानें में व्यस्त है। अब तानाशाही का यह दौर बस खत्म होने वाला है। नेता प्रतिपक्ष ने हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के सासन, धनेड़, बलोह, डीडवीं टिक्कर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस मौके पर उनके साथ विधायक रणधीर शर्मा, त्रिलोक जंवाल, दिलीप ठाकुर, इन्द्र दत्त लखनपाल और हमीरपुर कि पूर्व विधायक नरेंद्र ठाकुर समेत स्थानीय पदाधिकारी और हजारों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## विकास सरकार की प्राथमिकता


**शिमला :** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि कांग्रेस सरकार सड़को के निर्माण, इनके रखरखाव को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। बरसात के कारण सड़कों में पानी की निकासी बेहतर ढंग से हो इसके लिए विभाग को विशेष ध्यान देने को कहा गया है।



नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी हरदीप सिंह बाबा के पक्ष में कवारणी, नण्ड, भोणी जोहड़ी, स्वारघाट, परोठ, रतवाड़ी, मितियां व कोहड़ी में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि नालागढ़ का यह क्षेत्र ओद्योगिक विकास के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हमेशा ही विकास की राजनीति की है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उन्होंने प्रदेश में विधानसभा उप चुनाव थोप कर प्रदेश के विकास को विराम लगाया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में तीन पूर्व निर्दलीय विधायको ने भी नालागढ़, देहरा व हमीरपुर क्षेत्र के लोगों के विश्वास को तोड़ा है जिन्होंने उन्हें पांच साल के लिये अपने वोट से विधानसभा में चुन कर भेजा था। उन्होंने कहा कि यह तीनों निर्दलीय पूर्व विधायक अब भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे है, इससे साफ है कि इन निर्दलीयों ने अपना ईमान बेच कर प्रदेश में पूर्ण बहुमत वाली कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पूरी तरह मजबूत और स्थिर है जो अपना कार्यकाल पूरा करेगी।

• पहल...

## 51 कैदी पैरोल पर रिहा



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में अच्छे आचरण वाले कैदी (अस्थायी रिहाई) प्रावधान के तहत कुल 51 कैदियों को अस्थायी रूप से पैरोल पर रिहा किया है। जेल एवं सुधार सेवाएं विभाग द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद अधिनियम 1968 और हिमाचल प्रदेश जेल मैनुअल, 2021 के तहत 51 कैदियों को पैरोल पर अस्थायी तौर पर रिहा किया गया है। इनमें 30 कैदियों को कृषि कार्य के लिए (42 दिन), नौ कैदियों को पारिवारिक मुलाकात के लिए (28 दिन), पांच कैदियों को घर की मरम्मत के लिए (28 दिन) और सात कैदियों को अन्य प्रयोजनों के लिए (28 दिन) के लिए पैरोल पर अस्थायी तौर पर रिहा किया गया है। डीजी कारागार एवं सुधार सेवाएं हिमाचल प्रदेश संजीव रंजन ओझा ने अच्छे आचरण वाले कैदी (अस्थायी रिहाई) प्रावधान के तहत 51 कैदियों को अस्थायी रूप से पैरोल पर रिहा करने के निर्देश जारी किए हैं।

• अन्नपूर्णा दिवस...

*ऊना : इन्नर व्हील क्लब ऊना ने अन्नपूर्णा दिवस के उपलक्ष्य में ऊना मुख्यालय पर संयुक्त चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान में चार पात्र महिलाओं को राशन किटें प्रदान कीं। कार्यक्रम में समाजसेवी गीता राजपूत मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुई। उन्होंने कहा कि इन्नरव्हील क्लब जरूरतमंद लोगों की मदद करने का सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों की मदद करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर इन्नर व्हील क्लब की प्रधान रमा कंवर ने कहा कि अन्नपूर्णा दिवस के उपलक्ष्य में क्लब द्वारा चार पात्र महिलाओं को राशन किटें उपलब्ध करवाई गई है।*